अत्यावश्यक

पत्र संख्या–बि0व0से0 स्था0 31/2012 **3953**/प0व0

बिहार सरकार
पर्यावरण एवं वन विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

बिहार वन सेवा के सभी पदाधिकारी
(नाम एवं पदनाम से)

....
....
....

पटना 15, दिनांक–**24.12.2012**

विषय :– बिहार वन सेवा के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास पंजी तैयार करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रशासी विभाग के स्तर पर बिहार वन सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन/स्थानांतरण के प्रस्ताव पर विचार किया जाता है। सहायक वनसंरक्षकों से संबंधित सम्पूर्ण सेवा इतिहास विभाग में सम्प्रति संग्रहित एवं संधारित नहीं है जिसके अभाव में किसी पदाधिकारी के संबंध में उनके विगत पदस्थापन का ब्योरा उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है। इसके स्थायी निराकरण के लिए विभाग के स्तर पर बिहार वन सेवा संवर्गीय पदाधिकारियों के लिए एक सेवा इतिहास पंजी का संधारण करने का निर्णय लिया गया है जिसमें पदाधिकारी की सेवा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं अंकित रहेंगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि निम्नांकित प्रपत्र में सूचनाएं भरकर एक पक्ष के अन्दर (दिनांक–10.01.2013 तक) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रपत्र

पदाधिकारी का नाम/वर्ष 2010 की वरीयता सूची क्रमांक/वर्तमान वेतनमान–पे बैण्ड/ग्रेड पे	नियुक्ति की तिथि	जन्म तिथि	सेवानिवृति की तिथि	सेवा सम्पुष्टि की तिथि	कोटि
1	2	3	4	5	6

गृह जिला	यदि प्रोन्नत पदाधिकारी हो तो प्रोन्नति की तिथि (अधिसूचना संख्या दिनांक सहित)	संपूर्ण पदस्थापन विवरणी (क्रमवार पदस्थापन कार्यालय के नाम एवं अवधि के साथ)	संपूर्ण सेवावधि में आरोप की स्थिति (अधिरोपित दंड से संबंधित आदेश संख्या दिनांक सहित।	अभ्युक्ति
7	8	9	10	11

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें। इस पत्र को विभागीय वेबसाईट **www.forest.bih.nic.in** पर भी सुलभ अवलोकन हेतु प्रदर्शित किया गया है।

विश्वासभाजन,

24.12.12

(संजय कुमार)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–बि०व०से० स्था० 31/2012 3953 /प०व०, पटना–15 दिनांक–24.12.2012

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, बिहार,पटना/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) बिहार/मुख्य वन संरक्षक, कार्य नियोजन प्रशिक्षण एवं विस्तार, बिहार/मुख्य वन संरक्षक, प्रशासन एवं मानव संसाधन विकास, बिहार/क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक पटना, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर/निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण बिहार को भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सहायक वन संरक्षक (बिहार वन सेवा) से उपर्युक्त प्रपत्र में वांछित सूचना विभाग को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने हेतु अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा करें।

24.12.12

(संजय कुमार)
सरकार के उप सचिव।